## एक नजर

### गुरुकुल पब्लिक स्कूल में बेबी शो 20 को

**अलीगढ़ :** गंगा एंक्लेव, बन्ना देवी स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में ग्रांड बेबी शो का आयोजन 20 मार्च को किया जा रहा है। स्कूल की प्रिंसिपल आशा शर्मा ने बताया कि बेबी शो का उद्देश्य लोगों में बच्चों के प्रति जागरूकता लाना है। शो में भाग लेने के लिये रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि शो में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शो में ग्रुप 'ए' में 6-12 माह, ग्रुप 'बी' में 1-2 वर्ष व ग्रुप 'सी' में 2-4 वर्ष तक के बच्चे प्रतिभाग कर सकते हैं। फॉर्म स्कूल के कार्यालय व राजीव बुक डिपो निकट बंसल नर्सिंग होम से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### बैठक अब 16 अप्रैल को

**अलीगढ़ :** एएमयू कोर्ट की विशेष बैठक का दिन बदल गया है। सहकुलपति एस अहमद अली ने बताया कि पहले मीटिंग 20 मार्च को प्रस्तावित थी। अब यह 16 अप्रैल को होगी। नई तिथि की सूचना सभी सदस्यों को दे दी गई है। कोर्ट मीटिंग की तिथि 20 मार्च घोषित होने पर विरोध के सुर उठे थे। विरोध करने वालों का कहना था कि एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक व कोर्ट की बैठक में कम से कम एक महीने का अंतराल होना चाहिए, लेकिन इस तिथि के निर्धारित होने से मानक की अनदेखी हो रही थी।

### छह घंटे बाधित रहेगी बिजली

**अलीगढ़ :** अधिशासी अभियंता पी अग्रवाल ने बताया कि मौलाना आजाद नगर व अनूप शहर फीडरों पर नई लाइन का निर्माण होने के चलते सुबह 10 से 4 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी।

# कुपोषण से निपटने में अंजान हाथों का सहारा

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नहीं है पूरी जानकारी

**जागरण संवाददाता, अलीगढ़ :** कुपोषण से जंग में मशीनरी के हाथ कमजोर पड़ते दिख रहे हैं। तस्वीर कागजों में जो हो, पर हकीकत उल्टा है। अति कुपोषित बच्चों की बढ़ती संख्या से हरकत में आई सरकार ने वजन दिवस तो मना लिया, पर बाकी का काम आंगनबाड़ी कार्यत्रियों व सहायिकाओं पर छोड़ दिया। ऐसे में तमाम पहलुओं से अंजान कार्यत्रियां व सहायिकायें दिलचस्पी ही नहीं ले रही हैं। इसका खुलासा आंगनबाड़ी केंद्रों की निरीक्षण रिपोर्ट में हुआ है।

**जनवरी में :** डीएम के रात्रि विश्राम का कार्यक्रम विकास खंड बिजौली के भमौरी खुर्द में तय हुआ। यह लोहिया ग्राम है, इसलिए भी सरकारी मशीनरी की नजरें बनी रहती हैं। सीडीओ धीरेंद्र सिंह सचान के निर्देश पर 29 जनवरी की सुबह डीपीओ आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने गांव पहुंचे।

**ग्रोथ चार्ट अपूर्ण :** भमौरी खुद के केंद्र संख्या एक पर शशिकांता कार्यकत्री व शकुंतला देवी सहायिका उपस्थित थीं। केंद्र पर तीन, छह वर्ष, सात माह से तीन वर्ष, गर्भवती-धात्री, वजन पंजिका, टीकाकरण पंजिका, जन्म मृत्यु पंजिका सहित अन्य अभिलेख पूर्ण मिले। ग्रोथ चार्ट अपूर्ण था। कार्यकत्री से जवाब मांगा तो कुछ नहीं बता पाई।

**जानकारी नहीं :** डीपीओ ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि कार्यकत्री को कुछ जानकारी नहीं थी। कागजों पर गौर किया गया तो 107 बच्चों का वजन लेने की पुष्टि जरूर हुई। कुछ बच्चों को ननिहाल व भट्ठे पर जाना बताया गया। ये मासूम टीकाकरण से भी वंचित हो गये हैं।

**बुरा हाल :** इसी गांव के दूसरे केंद्र पर भी ग्रोथ चार्ट अपूर्ण था। यहां महाश्री कार्यकत्री व जशोदादेवी सहायिक उपस्थित जरूर थीं, पर बता कुछ नहीं पाईं। रजिस्टर में उपस्थिति पंजिका में टीकाकरण पंजिका में व वजन पंजिका में बच्चों का क्रमांक मिलान नहीं खा रहा था। मतलब साफ है कि आंकड़ों की बाजीगरी हुई है।

**खास बात :** डीपीओ ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि दोनों ही केंद्रों पर पिछले माहों में हुई वीएचएनडी संबंधी कार्यवाही का कोई रजिस्टर या अभिलेख नहीं मिला। चिन्हांकित अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं एनआरसी में भेजने की स्थिति भी खराब मिली थी। इसके लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी को कमियों को दूर कराने के निर्देश दिए थे।

# कैसे पूरा हो मॉडल स्कूल का सपना?

- अप्रैल से शुरू करनी है मॉडल स्कूल में पढ़ाई

**अलीगढ़ :** प्रदेश सरकार जिले के हर ब्लॉक में एक मॉडल स्कूल बनाने की योजना लाई है। जिसके तहत अलीगढ़ में भी पांच मॉडल स्कूल बनाए गए हैं। इन स्कूलों में शिक्षण कार्य अप्रैल-2016 से शुरू कराना अनिवार्य किया गया है। लेकिन हालात ये हैं कि अभी तक न तो स्कूलों में तैनात होने के लिए प्रधानाचार्य ड्यूटी लेने को आगे आ रहे हैं, न ही फर्नीचर के लिए शासन से बजट ही भेजा गया है। ऐसे में बच्चों का मॉडल स्कूल में पढ़ने का सपना कहीं चकनाचूर न हो जाए। अलीगढ़ के पांच ब्लॉकों जवां, बिजौली, गोंडा, खुर्द खेड़ा सत्तू खैर व चंडौस के गेहराना में मॉडल स्कूल बनाए जा रहे हैं। इन पांच स्कूलों के निर्माण में करीब 15 करोड़ रुपये की लागत लगी है। लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते इस मोटी रकम व मेहनत पर पानी फिरने के बादल मंडरा रहे हैं। उधर, डीआइओएस कार्यालय में वित्त एवं लेखाधिकारी अश्विनी पांडेय ने बताया कि प्रधानाचार्यों की ड्यूटी के लिये चेतावनी दी है कि जल्द कार्यभार ग्रहण करें। वहीं शासन को भी फर्नीचर आदि का बजट न प्राप्त होने की समस्या से अवगत करा दिया गया है।

## शोक संदेश



विजय चौधरी 'रूपेश'

बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुत्र विजय चौधरी 'रूपेश' का आकस्मिक निधन दिनांक 09.03.2016 दिन बुधवार को हो गया है।

शोकाकुल परिवार:- चौ. बिजेन्द्र सिंह (पिता), अजय चौधरी, विकास चौधरी, विशाल चौधरी (भ्रातागण)

निवास : 232, आवास विकास कालोनी, जेल रोड, अलीगढ़

प्रतिष्ठान : • सम्राट लॉज • विजय ट्रैक्टर हाउस • विराज ट्रैक्टर्स • विकास ऑटोव्हील्स • विकास कृषि केन्द्र

मो. 9837654455, 9412177306

### एएमयू में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह में बोलीं अमेरिकी प्रोफेसर

# विज्ञान में शोध से मिलती है पहचान

- सीवी रमन की स्मृति में भौतिकी विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम

**जागरण संवाददाता, अलीगढ़ :** एएमयू में भौतिकी विभाग ने शुक्रवार को सीवी रमन की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी की प्रो. सुल्ताना एन. नाहर ने कहा कि विज्ञान में किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके शोध कार्यों से होती है। वैज्ञानिकों का दायित्व है कि वे अपने ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाएं।

कुलपति जमीरउद्दीन शाह ने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा व शोध की रफ्तार तेज करने के लिए शिक्षक ज्यादा से ज्यादा शोध परियोजनाएं अपने विभागों में लेकर आएं। यहां के शिक्षकों में क्षमता है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य को कर सकते हैं। मानद अतिथि ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के ही प्रो. अनिल के प्रधान ने कहा कि एएमयू के भौतिकी विभाग ने ऐसे वैज्ञानिकों को जन्म दिया है, जो छात्रों व शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। भौतिकी विभाग के चेयरमैन प्रो. एम अफजाल अंसारी ने कहा कि भौतिक विभाग में शुरुआत से ही उच्चस्तरीय शोध होता रहा है, जिसे यूजीसी, भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भी सराहा है। समारोह में भौतिकी बुलेटिन व विभाग की वार्षिक रिपोर्ट का भी विमोचन किया गया। विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले शिक्षक व छात्रों को पुरस्कृत किया गया।



एएमयू में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह में भौतिकी बुलेटिन का विमोचन।

**ये छात्र व शिक्षक हुए पुरस्कृत**

एसएन नाहर विशिष्ट शिक्षक ऑफ द ईयर 2014-15 का पुरुष वर्ग में अवार्ड प्रो. तौहीद अहमद, प्रो. शब्बीर अहमद व महिला वर्ग में डॉ. नसरा नीलोफर को मिला। छात्रों में अलबुर्ज आर रहमान बेस्ट पीएचडी थीसिस अवार्ड पुरुष वर्ग में डॉ. मुहम्मद जाने आलम व महिला वर्ग में डॉ. लीला अब्दुल अजीज आयद अलखताबी को मिला। एसएन नाहर बेस्ट स्टूडेंट प्राइज 2014-15 बीएससी (ऑनर्स) की फौजिया व छात्रों में सज्जाद अहमद शेख को दिया गया। एल्युमिनाई अवार्ड 2014-15 एमएससी फिजिक्स की छात्रा आशना जैनब व छात्र इशफाक अहमद राथरा को दिया गया। रिसर्च स्कॉलर बेस्ट प्रेजेंटेशन में सामिया मंजूर को प्रथम, सोफी सुहैल मजीद को द्वितीय व मुहम्मद शुएब को तृतीय पुरस्कार मिला। सांत्वना पुरस्कार अंकिता सक्सेना व फरहाना जैदी को दिया गया। नॉन टीचिंग सपोर्टिंग स्टाफ का पुरस्कार सोबान अली, मुशफ्फर अली, जुल्फिकार अहमद और जीशान फजल को दिया गया।

# एएमयू में कांफ्रेंस आज से, 30 विदेशी प्रतिनिधि भाग लेंगे

- 'नैनो टेक्नोलॉजी एंड स्टेम ईआर' होगा अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का विषय
- अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिविर्सिटी भी कर रही सहयोग

**जागरण संवाददाता, अलीगढ़ :** एएमयू का एप्लाइड फिजिक्स विभाग अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी व सीईईआरआइ पिलानी के सहयोग से नैनो टेक्नोलॉजी एंड स्टेम ईआर पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस आयोजित कर रहा है। कांफ्रेंस 12 से 15 मार्च तक जेएन मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में होगी। उद्घाटन शनिवार सुबह 10:30 बजे होगा।

शुक्रवार को एएमयू में आयोजित प्रेसवार्ता में ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रो. अनिल प्रधान ने कहा कि इंडो यूएस के सहयोग भारत में पहली कांफ्रेंस हो रही है। इसमें 30 से ज्यादा विदेशी प्रतिनिधि भाग लेंगे। एएमयू के सहकुलपति एस. अहमद अली ने बताया कि कांफ्रेंस में अमेरिका से आठ, रूस से चार, मिस्र से आठ, चीन से एक, बांग्लादेश से एक, ईरान से एक व अन्य देशों से प्रतिनिधि भाग लेंगे। भारत के विभिन्न हिस्सों से 200 प्रतिनिधि शामिल होंगे। कांफ्रेंस में 55 शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके लिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने दस लाख रुपये दिए हैं। कांफ्रेंस का उद्देश्य फिर से हरित क्रांति लाना है। इसमें नोबल पुरस्कार विजेता अहमद एच जेबाइल का संदेश भी पढ़कर सुनाया जाएगा। ओहियो स्टेट यूनिविर्सिटी की प्रोफेसर सुल्ताना एन. नाहर ने कहा कि भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें उचित मार्गदर्शन की जरूरत है।

**डिग्री कार्यक्रमों की शुरुआत :** ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी व एएमयू ने यूएस-इंडिया एजुकेशन फाउंडेशन (यूसेफ) से सहायता प्राप्त स्टेट ईआर पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21वीं शताब्दी नॉलेज इनिशिएटिव शीर्षक से दो वर्षीय दोहरी पीएचडी व मास्टर ऑफ एजुकेशन (मेड स्टेम) डिग्री कार्यक्रमों की शुरूआत भी की है।



प्रेसवार्ता में प्रो. अलीम एच. नकवी, प्रो. अनिल प्रधान, सहकुलपति एस अहमद अली व प्रो. सुल्ताना एन. नाहर। जागरण

**दोहरी पीएचडी में एएमयू के मेधावी :** सह कुलपति ने बताया कि एएमयू के चार शोध छात्रों का चयन दोहरी पीएचडी के लिए हुआ था, वे ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक समय बिताकर लौट आए हैं। अब चारों छात्र दोहरी पीएचडी प्लस मेड स्टेम डिग्री में यहां लेंगे।

**आज के अतिथि :** कन्वीनर प्रो. आलिम एच नकवी ने बताया कि कुलपति जमीर उद्दीन शाह, सहकुलपति एस अहमद अली भी उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। मुख्य अतिथि ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रो. विलियम ब्रसटीन होंगे। ईरान की केरमान यूनिवर्सिटी से प्रो. अब्बास परदख्ते व संप्राश फूड लिमिटेड के निदेशक प्रो. अशोक भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

## प्रतिभावान हैं मेडिकल के छात्र : डीआइजी

**अलीगढ़ :** एएमयू के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मैगजीन ग्रे मैटर व हॉस्पिटल इंफेक्शन सोसाइटी इंडिया चैप्टर के न्यूज लेटर का विमोचन किया गया। विमोचन मुख्य अतिथि डीआइजी गोविंद अग्रवाल, प्रो चांसलर नवाब इब्ने सईद खां छतारी, मेडिसिन फैकल्टी के डीन प्रो. जमाल अहमद और प्रिंसिपल व सीएमएस प्रो. तारिक मंसूर ने किया। डीआइजी ने कहा कि मेडिकल के छात्र प्रतिभा के धनी हैं। चिकित्सा व्यवसाय सबसे सम्मानित व्यवसाय है। यहां के युवा चिकित्सक इसी तरह संस्था का नाम रोशन करते रहेंगे। प्रो. तारिक मंसूर ने पत्रिका विमोचन पर छात्रों को बधाई दी। उन्होंने पत्रिका के प्रकाशन में डॉ. सादिया सईद और डॉ. एस जिया उर रहमान के सहयोग के लिये आभार जताया। इस मौके पर पत्रिका की मुख्य संपादक डॉ. फातिमा खॉन, तत्कालीन संपादक डॉ. तौहादी अहमद, डॉ. फातिमा खान, ग्रे मैटर पत्रिका के संयुक्त संपादक जुलकरनैन व संयुक्त संपादक निदा खान आदि थे।




## पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल किया जाए : भाकपा

**अलीगढ़ :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सुहेब शेरवानी के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। जिसमें वर्ष 2005 से पुरानी पेंशन लागू कराने, प्रभावशाली व करोड़पतियों को सेलेब्रेटीज के नाम पर पेंशन बंद करने, गरीबों, मध्यमवर्गीय और निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों की गैस व अन्य सुविधाएं से छेड़छाड़ न करने की मांग रखी गई।

ज्ञापन में सांसद, विधायक व अधिकारियों के रेलवे व हवाई पास और चिकित्सा के कार्ड की आड़ में हेरफेर और उनके रिश्तेदारों को सरकारी पैसे से विदेशी दौर पर रोक लगाने की मांग भी की गई। इस मौके पर डीसी वार्ष्णेय, तसुद्दुक हुसैन, इकबाल मंद, एहतशाम बैग, रामबाबू गुप्ता, इरफान अंसारी, भगवती चिंतक, राज किशोर, हरीश चंद लोधी, रनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## बेसिक की टीम को आठ पदक

**अलीगढ़ :** बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदेश स्तरीय टीम लखनऊ में प्रतिभाग कर रही है। खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स, कुश्ती व योगा की प्रतियोगिताएं हो रही हैं। जिला पीटीआइ सुशील ने बताया कि शुक्रवार को अलीगढ़ की टीम ने आठ पदकों पर कब्जा किया। अलीगढ़ की टीम में 40 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसमें 100, 200 व 400 मीटर दौड़ में तीन स्वर्ण पदकों पर कब्जा किया गया। साथ ही दो रजत व तीन कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या कुल आठ कर दी गई। बताया कि जितेंद्र को व्यक्तिगत चैंपियनशिप एवार्ड से नवाजा गया है।

# वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित होंगे

- एक दशक पहले तीन पुलिस कर्मियों के नाम की हुई थी संस्तुति

**अलीगढ़ :** एक दशक पहले एएमयू के प्रो. मन्नान वासनवाला अपहरणकांड का खुलासा करने वाले तीन पुलिस कर्मियों को लखनऊ में पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इस टीम ने कुख्यात को मारकर प्रोफेसर को सकुशल बरामद किया था। गणतंत्र दिवस पर इन्हें पुलिस पदक से सम्मानित करने की घोषणा हुई थी। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक के सहायक संजय सिंघल ने सूचना जारी की है।

2006 में एएमयू के प्रो. मन्नान वासनवाला का अपहरण हुआ था। उस वक्त के कुख्यात बदमाश शाहमुद्दीन को मारकर पुलिस टीम ने प्रोफेसर की सकुशल मुक्त कराया था। जिला प्रशासन ने तत्कालीन एसटीएफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार त्यागी (एटीएस निरीक्षक), एसओ बन्नादेवी अशोक कुमार सिंह, (सहारनपुर में निरीक्षक) व सर्विलांस प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पुलिस पदक के लिए भेजे थे। लखनऊ की पुलिस लाइंस में एक अप्रैल को होने वाली रैतिक परेड में राज्यपाल इन्हें सम्मानित करेंगे।

## कार्यालय नगर पंचायत मुरसान (हाथरस)

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत, मुरसान के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, मुरसान में 14 वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वर्ष 2015-16 में प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराना चाहती है। एवं सामान क्रय करना चाहती है। जिसके लिये दिनांक 16.03.2016 को अपरान्ह 2:00 बजे से 3:00 बजे तक सील बन्द निविदाए कार्यालय प्रभारी अधिकारी/अपरजिलाधिकारी महोदय कलेक्ट्रेट हाथरस पर आमंत्रित की जाती है। कार्य संख्या 3 व 4 की निविदा कार्यालय प्रभारी अधिकारी/अपरजिलाधिकारी महोदय कलेक्ट्रेट पर बॉक्स में डाली जायेगी, एवं अन्य सभी निविदाये कार्यालय नगर पंचायत, मुरसान बॉक्स में डाली जायेगी, तथा निविदा फार्मो की बिक्री दिनांक 15.03.2016 को 4:00 बजे तक की जायेगी। निविदाए उसी दिन 3:00 बजे के बाद ठेकेदारों की उपस्थिति में सक्षम प्राधिकारी द्वारा खोली जायेगी। एवं अन्य निविदाये अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत, मुरसान के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ उल्लिखित धरोहर राशि एफ.डी.आर जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, मुरसान के नाम बन्धक होगी। संलग्न करना अनिवार्य है। किसी कारणवश किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य कोई भी जानकारी कार्यालय नगर पंचायत, मुरसान से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**कार्य का विवरण**

1:14 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत :-

| क्र. सं. | प्रस्तावित कार्यों का विवरण | आगणन धनराशि (लाख रू. में) | 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्यपूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 10 नये हैण्ड पम्पों की स्थापना। | 275000.00 | - | 200.00 | 31.03.2016 |
| | समरसेबिल 10 एच.पी. नग- 01 (प्लूगा आई.एस.आई.) | 39000.00 | - | 100.00 | 31.03.2016 |
| 2. | आस्थान की बगीची से बनवारी लाल की सीमा तक नाला निर्माण कार्य | 498000.00 | 49800.00 | 1000.00 | 31.03.2016 |
| | परताप सिंह के खेत से छोटे लाल के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 498000.00 | 49800.00 | 1000.00 | 31.03.2016 |
| 3. | 6 मीटर जी.आई. ऑपक्टोक्लनल पोल, 3 एम.एम. मोटाई, कम्पलीट पोल मय फाउन्डेशन आरी.सी.सी. वर्क व 45 वॉट एल.ई.डी. केबल अंडरग्राउण्ड स्थापना कम्पलीट- प्रति नग 65,500.00 (नग-10) | 655000.00 | 13500.00 | 2000.00 | 31.03.2016 |
| 4. | मोबाइल टॉयलेट 6 सीटर, 3 सीटर हिन्दी शीट, 3 | 682500.00 | 34500.00 | 2000.00 | 31.03.2016 |
| 4. | 6 मीटर जी.आई. ऑपक्टोक्लनल पोल, 3 एम.एम. सीटर इंग्लिश सीट,500 लीटर पानी की टंकी, हाथ धोने वॉशवेशन 7x19 के टायर एम.आर.एफ. एल. ई. टी, 4 नग कम्पलीट लोहे के चैस कमानी, मलवे के लिए लोहे का टब कम्पलीट, कम्पलीट मोबाइल टॉयलेट नग- 01 | 682500.00 | 68250.00 | 2000.00 | 31.03.2016 |

अशोक कुमार शर्मा
अधिशासी अधिकारी

देशराज सिंह
अध्यक्ष

